केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
CENTRAL POLLUTION CONTROL BOARD
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार
MINISTRY OF ENVIRONMENT FOREST & CLIMATE CHANGE GOVT OF INDIA

फा.सं. सी-ओएल-15013/1/2021-ओएल-एचओ-सीपीसीबी-एचओ/ 179 दिनांक :07/08/2024

परिपत्र

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के आदेशों के अनुसार, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय एवं पर्यावरण वन एवं जलवायु परिरतर्वन मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशानुसार, हिंदी पखवाड़ा दिनांक 14-15 सितंबर, 2024 से भारत मंडपम, नई दिल्ली से माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में प्रारंभ किया जाएगा। तत्पश्चात, इस कार्यालय में हिंदी पखवाड़े के दौरान निम्नानुसार प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी नियत की गई हैं:-

क्र.सं.	प्रतियोगिता का नाम	पुरस्कार	पुरस्कारों की राशि	पुरस्कारों की संख्या	पात्रता
01.	वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेख प्रतियोगिता	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	सभी वर्ग के अधिकारी/कर्मचारी
02.	हिंदी टिप्पण-आलेखन/ पत्राचार प्रतियोगिता	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	सभी वर्ग के अधिकारी/कर्मचारी
03.	कंठस्थ ऐप प्रश्नोत्तरी एवं अनुवाद प्रतियोगिता	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	सभी वर्ग के अधिकारी/कर्मचारी
04	हिंदी वाक्यांश एवं अभिव्यक्तियां लेखन प्रतियोगिता	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	सभी वर्ग के अधिकारी/कर्मचारी

2. प्रतियोगिताओं संबंधी सामान्य जानकारी:

- **वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेख प्रतियोगिता :** इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को प्रतियोगिता स्थल पर निर्धारित अवधि में दिए गए विषय पर लेख लिखना होगा।
- **हिंदी टिप्पण-आलेखन/पत्राचार प्रतियोगिता:** इस प्रतियोगिता में व्यावहारिक/कार्यालयी हिंदी, टिप्पण-आलेखन/पत्राचार आदि से संबंधित प्रश्न दिए जाएंगे।
- **कंठस्थ ऐप प्रश्नोत्तरी एवं अनुवाद प्रतियोगिता:** इस प्रतियोगिता में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय एवं सी-डैक के द्वारा विकसित अनुवाद टूल-कंठस्थ ऐप से संबंधित प्रश्नोत्तरी एवं हिंदी-अंग्रेजी-हिंदी अनुवाद हेतु लघु पैरा आदि दिए जाएंगे।

'परिवेश भवन' पूर्वी अर्जुन नगर, दिल्ली-110032
Parivesh Bhawan, East Arjun Nagar, Delhi-110032
दूरभाष/Tel : 43102030, 22305792, वेबसाईट/Website : www.cpcb.nic.in

- **हिंदी वाक्यांश एवंअभिव्यक्तियां लेखन प्रतियोगिता:** इस प्रतियोगिता में प्रश्नपत्र में सरकारी काम-काज में प्रयोग होने वाले सभी प्रकार के 75 अंग्रेजी वाक्यांश दिए जाएंगे जिनका हिंदी रूप लिखा जाना होगा।

3. **उपर्युक्त सभी प्रतियोगिता संबंधी अन्य विस्तृत नियम, आयोजन की तिथि, समय, स्थान एवं अन्य जानकारी प्रतिभागियों को यथासमय सूचित कर दी जाएगी।**

अतः उक्त सभी प्रतियोगिताओं में शामिल होने के इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी, जिस-जिस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं, उसका नाम दर्शाते हुए अपने नाम, पदनाम, सीपी संख्या एवं मोबाइल नंबर आदि विवरण सहित **दिनांक 28.08.2024** तक राजभाषा प्रभाग को cpcbhindievents@gmail.com पर प्रेषित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त नामों पर विचार नहीं किया जाएगा।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

07/08

(संघ मित्र)
प्रशासनिक अधिकारी एवं
प्रभारी, राजभाषा प्रभाग

प्रतिलिपि :

1. सभी प्रभाग प्रभारी, मुख्यालय - कृपया अपने अधीनस्थ कार्मिकों को परिचालित करें तथा उन्हें प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।
2. सदस्य सचिव के निजी सचिव - सादर सूचनार्थ।
3. प्रभाग प्रभारी, सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग - कृपया इसे केंद्रीय बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करवाने हेतु अनुरोध सहित।
4. परिवेश भवन के सभी तलों के सूचना पट्ट -

प्रशासनिक अधिकारी